रोहतक
शनिवार, 22 जून, 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 28, अंक : 146
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 22.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

योगमय दुनिया

# पीएम मोदी ने 7000 लोगों के साथ जम्मू कश्मीर में किए आसन, सेल्फी भी खींची

### पीएम बोले, आज दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही

**श्रीनगर(भाषा)।** देश-दुनिया में शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जल-थल में साधकों ने अनुलोम-विलोम किया और दुनिया को स्वास्थ्य रहने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग आसन किए। पहले यह कार्यक्रम डल झील के किनारे 6:30 बजे होना था, लेकिन बारिश की वजह से इसे हॉल में शिफ्ट कर दिया गया। यह सुबह करीब 8 बजे शुरू हो पाया। हॉल में करीब 50 लोग और हॉल के बाहर करीब 7 हजार लोगों ने मोदी के साथ योगासन किए। इसके अलावा आईएनएस विक्रमादित्य पर नौसेनिकों ने सुबह करीब 7 बजे योग किया। पूरी दुनिया योग के रंग में रंगी नजर आई।



इस बार का थीम योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी

### 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

- लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब पैंगॉन्ग झील के किनारे आईटीबीपी के जवानों ने अलग-अलग आसन कर 10वां योग दिवस मनाया।
- 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है।

*(विशेष पैकेज पेज-8 पर )*



**योग विज्ञान भी:** पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है, क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। मोदी ने इस दौरान साधकों के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने इसे एक्स पर साझा करते हुए लिखा श्रीनगर में योग के बाद सेल्फी।

चुनाव आयोग के आदेश

## हरियाणा समेत 4 राज्य 20 अगस्त तक अपनी वोटर लिस्ट अपडेट करें

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश के 4 राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में इस साल विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने राज्यों में वोटर्स लिस्ट में अपडेशन को लेकर आदेश जारी कर दिया है। यह काम 20 अगस्त तक पूरा करना होगा। इसके बाद आयोग चारों राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जम्मू-कश्मीर में भी इसी साल सितंबर तक चुनाव कराने का निर्देश दिया है। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूची को अपडेट करने की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है। लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए एक जनवरी को अर्हक तिथि रखा गया था।




हरियाणा, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, झारखंड में इसी वर्ष होने हैं विधानसभा चुनाव

## सुप्रीम कोर्ट का काउंसलिंग टालने से इनकार, कहा-यह कोई खोलने व बंद करने की प्रक्रिया नहीं

# नीट परीक्षा रद करने को लेकर केंद्र और एनटीए को नोटिस

*6 जुलाई से शुरू होनी है काउंसलिंग*
*मामले की अगली सुनवाई अब 8 जुलाई को होगी*

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को विवादों में घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2024 की छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया और कहा कि यह कोई 'खोलने और बंद करने' की प्रक्रिया नहीं है। शीर्ष अदालत ने पांच मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद करने के आग्रह वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई आठ जुलाई को तय की है।



### कोर्ट में सवाल जवाब

**याचिकाकर्ता:** हम नीट परीक्षा दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं। 773 कैंडिडेट्स बिना ग्रेस मार्क्स पाए फेल हुए हैं।

**जस्टिस विक्रम नाथ:** एनटीए अपना जवाब दाखिल करे। 2 हफ्ते में जवाब दें। बाकी मामलों के साथ इसे टैग करें।

**याचिकाकर्ता:** हम काउंसलिंग पर रोक नहीं चाहते। केवल इसे 2 दिन आगे बढ़ाना चाहते हैं। काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू हो रही है। इससे जुड़े मामले पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

**जस्टिस एसवीएन भट्टी:** काउंसलिंग ओपन एंड शट नहीं होती। ये एक प्रोसेस है। 6 जुलाई को केवल प्रोसेस शुरू होगा। एक सप्ताह बाद तक भी कैंडिडेट्स के पास मॉडिफिकेशन का ऑप्शन है।

### 1563 छात्र कल दोबारा परीक्षा देंगे

नीट और यूजीसी-नेट के संचालन में खामियों को लेकर आलोचना झेल रही एनटीए रविवार को 1,563 अभ्यर्थियों के लिए मेडिकल प्रवेश परीक्षा दोबारा आयोजित करवाएगी। इन अभ्यर्थियों को छह केंद्रों पर समय के नुकसान के चलते कृपांक प्रदान किए गए थे। रविवार को 1,563 अभ्यर्थियों के लिए पुनः परीक्षा सात केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'अन्य सभी परीक्षा केंद्र बदल गए हैं, लेकिन चंडीगढ़ में एक केंद्र पहले वाला ही रहेगा, जहां केवल दो अभ्यर्थी उपस्थित होंगे। बता दें कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 पांच मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 24 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व रूप से 67 छात्रों ने पूरे 720 अंक प्राप्त किए थे, जिसमें हरियाणा के फरीदाबाद के एक केंद्र से छह अभ्यर्थियों के नाम भी शामिल हैं। इससे अनियमितताओं का संदेह पैदा हो गया। आरोप है कि कृपांक दिए जाने से 67 छात्र शीर्ष रैंक पर पहुंच गए।

### कांग्रेस समेत विपक्षी दलों का कई राज्यों में प्रदर्शन

**नई दिल्ली(भाषा)।** कांग्रेस ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को चंडीगढ़, झारखंड, राजस्थान और दिल्ली समेत कई राज्यों में प्रदर्शन किया और उच्चतम न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग की। राजस्थान में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट सर्किल पर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया तथा केंद्र से इस मामले में चुप्पी तोड़ने के लिए कहा। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रदेश के लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितता के खिलाफ पार्टी की राज्य इकाई के प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, 'उच्चतम न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाधीश की निगरानी में हम जांच की मांग करते हैं।'

## केजरीवाल की रिहाई अटकी हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा


**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत देने वाले निचली अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को नोटिस जारी करके ईडी की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें निचली अदालत के 20 जून के आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत उन्हें जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की पीठ ने कहा, यह आदेश सुनाए जाने तक, उपरोक्त आदेश के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी। अदालत ने कहा वह आदेश 2-3 दिनों (24 या 25 जून) के लिए सुरक्षित रख रही है, क्योंकि वह रिकॉर्ड देखना चाहती है। इससे पहले दिन में पीठ ने कहा कि जब तक उच्च न्यायालय मामले की सुनवाई नहीं कर लेता, तब तक निचली अदालत का आदेश प्रभावी नहीं होगा।



24-25 तक निचली कोर्ट के फैसले पर रोक रहेगी

## अब सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा भी स्थगित हुई


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा जून-2024 को भी स्थगित करने की घोषणा की है। यह परीक्षा 25 जून से 27 जून के बीच होने वाली थी। बताया गया कि लॉजिस्टिक कारणों से परीक्षा स्थगित की जा रही है। नई तारीख जल्द ही वेबसाइट पर घोषणा की जाएगी। एनटीए द्वारा जारी सर्कुलर में कहा गया है कि 25 से 27 जून 2024 के बीच होने वाली निर्धारित संयुक्त सीएसआईआर नेट परीक्षा अपरिहार्य परिस्थितियों और रसद मुद्दों के कारण स्थगित कर दी है। संशोधित परीक्षा तिथि जल्द वेबसाइट– **csirnet.nta.ac.in** के माध्यम से घोषित की जाएगी। बता दें कि यह चौथा मौका जब एनटीए परीक्षा कराने में विफल साबित हुई है। इससे पहले नीट, एनसीईटी और यूजीसी नेट को लेकर भी एनटी पर सवाल उठ रहे हैं।



25 से 27 जून के बीच होना था एग्जाम

## अब पेपर लीक हुआ तो 3 से 5 साल की कैद, 10 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने लोक परीक्षा कानून, 2024 की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही देश में शुक्रवार से एंटी पेपर लीक कानून लागू हो गया है। यह कानून के लागू होने के बाद अब पेपर लीक करने वालों को 3 से 5 साल तक की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। कानून लागू होने के बाद यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं इसके दायरे में होंगी। ये कानून सभी पब्लिक परीक्षाओं पर लागू होगा। कानून का उद्देश्य परीक्षाओं में पारदर्शिता लाना और धांधली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है।




देश में एंटी पेपर लीक कानून लागू अधिसूचना जारी












## खबर संक्षेप

### हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक 27 को

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में आगामी 27 जून को दोपहर 12 बजे प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में होगी। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई 25 को

**चंडीगढ़।** उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। निगम के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई 25 जून को अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय में करेंगे।

### फरीदाबाद में रिश्वत लेता लिपिक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने नगर निगम फरीदाबाद कार्यालय में कार्यरत लिपिक अश्वनी को 25000 की रिश्वत मंगने व इनमें से 5000 लेने के आरोप में गिरफ्तार किया।ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को सूचना मिली कि आरोपी अश्वनी द्वारा शिकायतकर्ता से जन्म प्रमाण पत्र तैयार करने के बदले में 25000 की रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस मामले में दूसरा आरोपी सतबीर फरार है।

### निगमकर्मियों को एनओसी में नहीं होगी परेशानी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के सीईओ की ओर से सभी विभागों के मुखिया को पत्र भेजकर साफ कर दिया है कि अगर निगम के तहत काम करने वाले कर्मचारी बाहर विदेश जाने की अनुमति चाहते हैं, तो वे अपने स्तर पर एनओसी जारी कर दें, उनको किसी भी तरह से कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, इस तरह की शिकायतें राज्य सरकार के पास लगातार जा रहीं थी, इसलिए विभाग का मुखिया ही उनको एनओसी जारी कर सकेगा।

### डॉक्टर एसो. और एसीएस की वार्ता टली, अब 25 को

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के बैनर तले राज्य सरकार में हेल्थ एसीएस के साथ में होने वाली वार्ता टल गई है। योग दिवस के कार्यक्रमों और बाकी व्यस्त कार्यक्रमों के कारण अब यह 25 को शाम तीन बजे रखी गई है।एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष डा. राजेश ख्यालिया ने बताया कि योग दिवस के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों और अफसरों के अहम बैठकों में व्यस्त होने के कारण इसे शुक्रवार को टाल दिया गया है। अब बैठक 25 को दोपहर बाद तीन बजे रखी गई है। प्रदेशाध्यक्ष डा. राजेश ख्यालिया ने बताया कि कईं वर्षों से जायज मांगों को लेकर वे चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन आश्वासन ही दिए जा रहे हैं। 25 जून को एसीएस हेल्थ से मिलेंगे और वार्ता करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री ने हिसार में किया योग

# प्रदेश में 60 दिनों में 100 और व्यायामशालाएं खोली जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश में आगामी 60 दिनों में 100 और व्यायामशालाएं खोली जाएंगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इनमे नियमित योग का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री हिसार में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में योग अभ्यास करने आए योग साधकों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1121 स्थानों को चिन्हित करके व्यायामशालाएं खोली गई है और इनमें से 714 व्यायामशालाओं में नियमित योग हो रहा है। सरकार का प्रदेश में घर-घर तक योग को पहुंचाने का ध्येय है और इसी के जरिये लोगों को स्वस्थ भी करना है। योग जीवन का न सिर्फ अहम हिस्सा है, बल्कि जीवन जीने का भी तरीका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने के लिए वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा से प्रस्ताव पारित कराया था, जिसका विश्व के 177 देशों ने समर्थन किया था। आज पूरी दुनिया के 217 देश 21 जून को योग दिवस के रूप में मना रहे हैं। इसी के तहत आज पार्कों, सभागारों, घरों, मुहल्लों, पंचायतों के अंदर साधकों ने योग का अभ्यास किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि लोगों को योग से जोड़ने और उनके स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से सरकार ने 877 आयुष योग सहायकों की नियुक्तियां की हैं, जो कि प्रतिदिन योग सिखाएंगे। इसके बाद योग सहायक आयुष डिस्पेंसरी में आने वाले रोगियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य को ठीक करने के लिए योग के महत्व की जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के समय जब कोई दवा व वैक्सीन नहीं थी, तब लोगों ने इस बीमारी से निजात के लिए योग को अपनाया और बीमारी से काफी हद तक छुटकारा भी पाया। आज योग एक पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। वर्तमान दौर में सभी की जिंदगी भाग-दौड़ की हो गई है, जिससे मन में तनाव भी रहता है। योग न सिर्फ तनाव को दूर करता है, बल्कि शरीर में ऊर्जा भी पैदा करता है। अगर शरीर स्वस्थ रहता है तो जीवन में विकास की गति भी तीव्र रहती है। संकल्प लेना चाहिए कि हमें योग के जरिये आगे बढ़ना है।

■ प्रदेश में अब तक 1121 स्थानों पर व्यायामशालाएं खोली जा चुकी



हिसार। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों और युवाओं को सम्मानित किया।

### 54,000 से ज़्यादा किसानों के खातों में भेजी 135 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि

**भिवानी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं और युवाओं को सशक्त व मजबूत करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने जिला भिवानी में आयोजित समारोह में किसान कल्याण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से रबी-2024 में क्षतिग्रस्त फसलों की 135 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि सीधे प्रदेशभर के 54,000 से ज़्यादा किसानों के खातों में भेजी। साथ ही, उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत भी 3527 पात्र लाभपात्रों के खातों में 131.24 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार के कार्यकाल में और हमारी सरकार के कार्यकाल में जमीन आसमान का अंतर दिखाई देता है। 10 वर्षों के अंदर कांग्रेस की सरकार ने हरियाणा के किसानों को फसल खराबे के मुआवजे के रूप में मात्र 1100 करोड़ रुपये की राशि ही दी गई थी। जबकि पिछले साढ़े 9 वर्ष के कार्यकाल में हमारी डबल इंजन की सरकार ने 12,500 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है।



### राज्यपाल ने राजभवन में साधकों के साथ किया योग

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के नेतृत्व में शुक्रवार को हरियाणा राजभवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ हरियाणा राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योग क्रियाएं कर इस दिवस को यादगार बनाया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2014 में किए आह्वान और अथक प्रयासों के कारण, 21 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया। तब से ही हर वर्ष भारत समेत पुरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

'एक स्टेशन एक उत्पाद'
योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

क) **स्टॉल**: पानीपत, दिल्ली कैंट, गाजियाबाद, दिल्ली शाहदरा, रोहतक और मुजफ्फरनगर स्टेशन पर।
ख) **ट्राली** : जींद, जाखल, मानसा, नरवाना, टोहाना, शामली, टपरी, जुलाना, बादली, आनंद विहार टर्मिनल, पालम, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, खतौली, दिल्ली सराय रोहिल्ला, सकौती टांडा, नोली और मोदीनगर स्टेशनों पर।
• गाजियाबाद, रोहतक और मुजफ्फनगर स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
• उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
• NSG 1,2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम, नोली और मोदीनगर), NSG 5 (जींद, जाखल, मानसा, नरवाना, टोहाना, शामली, टपरी, जुलाना, बादली, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
• प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:–
क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
• आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 28.06.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
• सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
• एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 1878/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कांग्रेस में कलह जारी अब कैप्टन ने खोला मोर्चा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



■ टिकट वितरण में धांधली का आरोप लगाया
■ हाईकमान कमेटी बनाकर जांच करवाए

एक ओर जहां विधानसभा चुनावों का वक्त नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे कांग्रेस के अंदर खींचतान व कलह तेज होती जा रही है। गत दिवस जहां किरण चौधरी ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर अपनी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी सहित कमल का फूल थाम लिया। वहीं उनके बाद से अब एक बार फिर कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं की भाजपा से संपर्क की खबरें सियासी हलकों में चल रही है। इसी हलचल और सूचनाओं के बीच पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा से नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मुलाकात की है, वहीं पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कैप्टन अजय यादव ने भी अब लोकसभा चुनावों में टिकट वितरण में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए पूरे मामले में एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर इसकी जांच कराने के लिए कांग्रेस हाईकमान को कहा है।र वरिष्ठ नेत्री और पूर्व मंत्री किरण चौधरी व पूर्व सांसद श्रुति के जाने के बाद अब पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव भी अच्छे खासे नाराज नजर आ रहे हैं। उन्होंने लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस के टिकट वितरण में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले में कमेटी का गठन कर हाईकमान जांच कराए।

## बृजेंद्र समर्थकों ने खुलकर भाजपा की मदद की : जेपी



**उचाना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के समर्थकों पर बड़ा आरोप लगाते हुए पत्रकार वार्ता में कहा कि ये अभी कांग्रेस में आए थे लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा के बूथों पर बैठे थे। मेरे समर्थकों ने बताया कि बृजेंद्र सिंह के समर्थक सज्जन, प्रेम, राजबीर सहित अन्य कई ऐसे नाम सामने आए है जिन्होंने भाजपा उम्मीदवार की खुलकर मदद की है। ये बूथों पर बैठे तो इनके परिवार के सदस्य तक भाजपा के एजेंट बने। उन लोगों का मैं जमकर विरोध करूंगा जिन्होंने इस चुनाव में पार्टी का विरोध किया है।

### विरासत पुरुषों से चलती है : जयप्रकाश

पूर्व मंत्री किरण चौधरी द्वारा खुद को चौ. बंसीलाल की राजनीतिक वारिस बताए जाने पर जयप्रकाश ने कहा कि विरासत हमारी पुरुषों से चलती है औरतों से नहीं। चौ. बंसीलाल का वारिस है तो अनिरूद्ध है। चौ. बंसीलाल का बेटा है चौ. रणबीर महेंद्रा तो कांग्रेस में है। किरण चौधरी अगर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ जाती तो कांग्रेस अधिक सीट लेकर आती। पार्टी में रहकर विश्वासघात किया है वो सबसे ज्यादा खतरनाक। जेपी मॉडल टाउन उचाना में वीरेंद्र प्रधान के आवास पर बातचीत कर रहे थे।

## भाजपा को कानून और सिस्टम की कोई परवाह नहीं



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कल राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविन्द केजरीवाल को नियमित जमानत दी। उसको लेकर पूरे देश के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल था और सबको लगा की कानून व सत्य की जीत हुई है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि बीजेपी सरकार को कानून और सिस्टम की कोई परवाह नहीं है। सरकार और उनकी एजेंसियों की किसी भी कीमत पर अरविन्द केजरीवाल को जेल में रखने के लिए हर हथकड़ा अपना रही है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | कुष्ठ रोगी कल्याण संघ गांधी कुष्ठ आश्रम हिसार रोड, रोहतक में धर्मशाला का निर्माण + 1 कार्य। | 19.06.2024 26.06.2024 | 26.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27032/I/88/6 दि. 21.06.24

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन घरौंडा (करनाल) में 33 केवी के द्वितीय सीकेटी की फिडिंग के लिए 33 केवी बे सहित अतिरिक्त 20/25 एमवीए 132/33 केवी टी/एफ का प्रावधान। | 20.06.2024 26.06.2024 | 15.66 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | एसएएस इंटीग्रेशन (सिरसा) हेतु (2×100 एमवीए) 220/132 केवी जमा (1×100 एमवीए) 220/33 केवी ट्रांसफॉर्मर्स से 2×100 एमवीए 220/132 केवी जमा 2×100 एमवीए 220/33 केवी ट्रांसफॉर्मर्स तक 220 केवी सब स्टेशन मेहनाखेड़ा का संवर्धन। | 19.06.2024 28.06.2024 | 9.61 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27061/I/88/6 दि. 21.06.24

## सियासत

### भाजपा श्रुति चौधरी को भेज सकती हैं राज्यसभा

# राज्यसभा जाने के बजाय तोशाम से ही विधानसभा चुनाव लड़ेंगी किरण चौधरी

मनोज भल्ला ▶▶ रोहतक

विधानसभा चुनाव से तीन महीने पहले भाजपा में शामिल होने वाली कांग्रेस की फायर ब्रांड नेता किरण चौधरी एक बार फिर तोशाम से ही चुनाव मैदान में उतरेंगी। उनकी बेटी श्रुति चौधरी को राज्यसभा भेजा जाएगा। सूत्रों के अनुसार किरण चौधरी ने दिल्ली में बैठे भाजपा आलाकमान को पहले ही संकेत दे दिया था कि वे राज्यसभा सीट लेकर हरियाणा की राजनीति से दूर नहीं हो सकतीं। हरियाणा प्रदेश भाजपा की रणनीति उन्हें राज्यसभा भेजने की थी लेकिन अब उनके स्थान पर उनकी बेटी श्रुति चौधरी को राज्यसभा भेजा जा सकता है। किरण चौधरी अपनी विधानसभा से ही बंसीलाल परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेंगी।

■ भिवानी में पार्टी को और मजबूत करने की तैयारी

पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की बहु और तोशाम की विधायक किरण चौधरी ने जब अपनी बेटी श्रुति चौधरी के साथ भाजपा का दामन थामा तो सियासी गलियारों में चर्चा थी कि उन्हें राज्यसभा भेजा जाएगा लेकिन विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि किरण चौधरी ने कांग्रेस छोड़ने से पहले अपने राजनीतिक भविष्य के बारे में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से खुलकर बात कर ली थी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि राज्यसभा की सीट उनके राजनीतिक कद से बड़ी नहीं हैं। भाजपा हाईकमान ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि वे चौधरी बंसीलाल परिवार की विरासत पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने देंगे और भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा की नौ सीटों और विशेषकर भिवानी जिले की 6 सीटों पर किरण चौधरी का पूरा सहयोग लिया जाएगा।

भिवानी जिले की तोशाम सीट बंसीलाल परिवार का अभेद दुर्ग मानी जाती है। इस विधानसभा सीट से दो चुनाव को छोड़कर बंसीलाल परिवार का ही वर्चस्व रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल तोशाम से 5 बार विधायक बने थे और इसी सीट की बदौलत उन्होंने दो बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद का सफर तय किया था। उनके बाद उनके पुत्र सुरेंद्र सिंह तीन बार यहीं से विधायक चुने गए। सुरेंद्र सिंह के निधन के बाद उनकी पत्नी किरण चौधरी ने बंसीलाल की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। कांग्रेस की दिग्गज नेता रह चुकीं किरण चौधरी यहां से तीन बार विधायक निर्वाचित हो चुकी हैं। 2014 में मोदी लहर के बावजूद उनके विजय रथ को कोई नहीं रोक पाया था। किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी ने 2009 में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट जीती थी लेकिन वे 2014 के चुनाव में हार गई थीं। अपनी बेटी को लोकसभा टिकट न देने से वे काफी समय से नाराज चल रही थीं। कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को विराम देते हुए उन्होंने 19 जून को दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मनोहर लाल की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

### अपने पुराने विरोधियों को झटका देंगी किरण



किरण चौधरी की तोशाम वापसी से भूपेंद्र सिंह हुड्डा को झटका लग सकता है। किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने से हुड्डा गुट खुशी मना रहा है। गुट के नेताओं को लग रहा है कि भाजपा में शामिल होने के बाद किरण चौधरी राज्यसभा चलीं जाएंगी और उनका राजनीतिक भविष्य दिल्ली तक सिमट सकता है लेकिन भाजपा से हुए समझौते के अनुसार किरण चौधरी तोशाम सीट से ही चुनावी मैदान में उतरकर अपने पुराने विरोधियों को झटका देंगी।

### तोशाम से उतर सकती हैं चुनाव मैदान में

यदि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनती है और किरण चौधरी तोशाम से जीत जाती हैं तो उन्हें कैबिनेट मंत्री भी बनाया जा सकता है। वे भूपेंद्र हुड्डा की सरकार में पहले भी कैबिनेट मंत्री रह चुकी हैं। भाजपा में शामिल होने से पहले किरण चौधरी विधानसभा में विपक्ष की नेता भी रह चुकी हैं।

### रुपये में गिरावट चिंता की बात : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार अपने न्यूनतम स्तर पर चल रहा है। उन्होंने इस पर सरकार की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | डीएचबीवीएन फतेहाबाद में फील्ड हॉस्टल का निर्माण। | 19.06.2024 10.07.2024 | 162.54 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsn@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | विद्युत सदन, डीएचबीवीएन, हिसार में रिसेप्शन एरिया का पुनरोद्धार। | 19.06.2024 10.07.2024 | 40.03 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsn@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | ठोस कचरा प्रबंधन नियमों, 2016 राज्य केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड दिशा-निर्देशों हिसार के अनुरूप सामान्य घरेलू पारिवारिक बागवानी ठोस कचरा को घर-घर से एकत्र करना, पृथक्करण, परिवहन, ट्रीटमेंट, प्रसंस्करण और सुरक्षित निपटान हेतु कार्य। | 20.06.2024 15.07.2024 | 33.84 लाख | www.dhbvn.org.in | 9812556095 estateofficerdhbvn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27024/I/88/6 दि. 21.06.24

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन, सेंट्रल स्टोर, यूएचबीवीएन, पानीपत के उपयोग हेतु चालक सहित 24 घंटे के लिए अराउंड द क्लॉक उपयोग की जानी 1 अदद कार (मारूति सियाज, मारूति एरटिगा, कोई अन्य कार)। | 21.06.2024 01.07.2024 | 6000/- प्रत्येक वाहन के लिए | www.uhbvn.org.in Ch-1/NIT-1/Hiring of Vehicle/ 2024-25, dated 19.06.2024 | 9355064425 xenstorespanipat@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन / विजिलेंस एचपीयूएस, रोहतक के कार्यालय हेतु एक अदद वाहन को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 6000/- | www.uhbvn.org.in E-10/XEN VIG/Rohtak/ 2024-2025 dated 20/06/2024 | 9355053500 xenvigilrohtak@uhbvn.org.in |
| 3 | यूएचबीवीएन | 2 वर्ष हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक्सईएन / एम एंड पी डिवीजन, यूएचबीवीएन, सोनीपत के कार्यालय में एसडीओ के लिए आवश्यक एक अदद वाहन (बोलेरो/जीप) की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 05.07.2024 | 6000/- प्रति वाहन बीए-16 के रूप में केवल | www.uhbvn.org.in NIT-07/M&P/SNP/2024 | 9671685744 xenmnpsonepat@uhbvn.org.in |
| 4 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन ओपी डिवी., यूएचबीवीएन, बेरी हेतु चालक सहित एक अदद वाहन जीप/बोलेरो वाहन को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | ईएमडी 6000/- | www.uhbvn.org.in, NIT-42 XEN/BERI/2024-25 dated 20.06.2024. | 9315110303 xenopberi@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/27025/I/88/6 दि. 21.06.24

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना सं. :01/CCR/2024-25 33 केवी सब स्टेशन बामनौली (बहादुरगढ़) में 7' ऊंची चारदिवारी का निर्माण। | निविदा सूचना सं. : 01/CCR/2024-25, 33 केवी सब स्टेशन बामनौली (बहादुरगढ़) में 7' ऊंची चारदिवारी का निर्माण। | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना सं. : 02/CCR/2024-25, बाल भवन यूएचबीवीएन, रोहतक में एसएचबी का विस्तार | निविदा सूचना सं. : 02/CCR/2024-25, बाल भवन यूएचबीवीएन, रोहतक में एसएचबी का विस्तार। | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | निविदा सूचना सं. : 03/CCR/2024-25, 33 केवी सब स्टेशन महम, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण। | निविदा सूचना सं. : 03/CCR/2024-25, 33 केवी सब स्टेशन महम, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण। | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/27047/I/88/6 दि. 21.06.24

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप पर खड़े टैंकरों से डीजल चोरी

**कोसली।** झाल गांव के मोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप पर खड़े टैंकरों से वीरवार रात डीजल चोरी का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप के मैनेजर कौशल कुमार ने शुक्रवार को नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात्रि समय लगभग 3 बजे अज्ञात लोग कार लेकर पैट्रोल पंप पर आए और पंप पर खड़े टैंकरों से करीब 400 लीटर डीजल चोरी करके ले गए।

### बिजली लाइन पर काम करते कर्मचारी की मौत

**जींद।** गांव मनोहरपुर में 11 केवी बिजली लाइन पर कार्य करते समय करंट लगने से कौशल रोजगार के तहत लगे एएलएम की मौत हो गई। भटनागर कालोनी निवासी जयपाल बिजली बोर्ड मे कौशल रोजगार के तहत एएलएम के पद पर गांव मनोहरपुर में तैनात था। गांव की 11 केवी बिजलीलाइन में खराबी के चलते वह उस पर काम कर रहा था। उसी दौरान जयपाल को बिजली का करंट लगा। जिसमें वह बेसुध होकर गिर गया। उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान जयपाल की मौत हो गई। मृतक के भाई प्रमोद ने आरोप लगाया कि जेई रमेश ने उसके भाई जयपाल को बिजली लाइन पर काम करने के लिए बोला था। जिसके लिए न परमिट लिया और न ही बिजली लाइन को पीछे से बंद किया गया था।

## हरियाणा में हर विधानसभा सीट पर भाजपा का माइक्रो मैनेजमेंट फार्मूला

# संघ, संगठन, पार्टी, कार्यकर्ता देंगे 100 नंबर, तब जाकर नेता जी को दिया जाएगा भाजपा का टिकट

मनोज वर्मा ▸▸| रोहतक

राजनीति

लोकसभा चुनाव के बाद अब भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड़ में आ चुकी है। टारगेट हरियाणा रहेगा और जिताऊ उम्मीदवारों पर नजरें रहेंगी। मजबूत नेता चाहे वे किसी भी पार्टी से हों, भाजपा उसे मैदान में उतारने से गुरेज करने वाली नहीं। विधानसभा चुनाव के लिए टिकट देने में आरएसएस का बड़ा रोल रहेगा। सभी 90 सीटों पर माइक्रो मैनेजमेंट फार्मूले से नेता परखे जाएंगे, बारीक से बारीक चीज देखी जाएगी। संघ हर विधानसभा से नाम भेजेगा। चुनाव लड़ने के लिए नेताजी को 100 नंबर की परीक्षा पास करनी पड़ेगी। संघ जिन नेताओं का नाम उम्मीदवार बनाने के लिए भेजेगा, उन्हें अलग-अलग स्तर पर अंक दिए जाएंगे। 25 नंबर संगठन मंत्री देंगे, 25 नंबर संघ, 25 मुख्यमंत्री और 25 नंबर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देंगे। जिस नेता का नाम आरएसएस की गुड बुक में है और उसने यह 100 नंबर की परीक्षा पास कर ली उसे ही भाजपा का टिकट दिया जाएगा। यानी इस बार भाजपा का टिकट मिलना आसान नहीं होगा। पार्टी ने पूरी रणनीति तय कर ली है और चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है।

### दो बार हार चुके नेताओं पर विचार मुश्किल

भाजपा का लक्ष्य हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने का है। कौन नेता कैसा काम कर रहा है और जनता के बीच उसकी छवि कैसी है, इसका असर नेताजी की प्रोफाइल पर पड़ेगा। इस बार खास बात यह भी रहने वाली है कि भाजपा के जो नेता दो चुनाव हार चुके हैं, उन्हें टिकट देने पर विचार नहीं किया जाएगा। भाजपा ऐसे नेताओं पर जोर देगी जो जीत दिलवाए।

### कल रोहतक में आएंगे कई केंद्रीय नेता



### पांच सीट खिसकने से चिंता, सर्वे हो रहे

विधानसभाओं में सर्वे करवाया जा रहा है। वैसे तो संघ सर्वे करवाता रहता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा के हाथ से हरियाणा की पांच सीट खिसकने से पार्टी की चिंता बढ़ी हुई है। हर विधानसभा में हार के कारणों का पता लगा लिया है, भीतरघात वालों का टिकट कटना भी पक्का है। ऐसे नेताओं को तवज्जों नहीं दी जाएगी, जो लोकसभा उम्मीदवार की हार का कारण बने।

### रोहतक से बिगुल बजाएगी भाजपा

हरियाणा में विधानसभा चुनाव का बिगुल भाजपा रोहतक से ही फूंकेगी। इसके लिए रणनीति तैयार है और 23 जून को भाजपा मंगल कमल कार्यालय में चुनाव प्रभारी धमेंद्र प्रधान, सह प्रभारी बिप्लब देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह के अलावा सांसद नवीन जिंदल और सांसद धर्मबीर सिंह आएंगे। सभी नेता रोहतक से एक साथ दहाड़ेंगे और चुनाव का आगाज करेंगे।

- संघ नाम भेजेगा, फिर परखे जाएंगे नेता
- जिताऊ नेताओं को तवज्जो देंगे

### हर नेता पर रहेगी नजर, रिपोर्ट तैयार होगी

गढ़ी-सांपला किलोई विधानसभा के कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल के नेतृत्व में सांपला टोल प्लाजा के पास भाजपा नेताओं का स्वागत करेंगे। कलानौर विधानसभा के गांव खरावड़ में जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक के नेतृत्व में, रोहतक पहुंचने पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के नेतृत्व में कार्यकर्ता सेक्टर-1 की पहली पुलिया पर और महम विधानसभा के कार्यकर्ता शमशेर खरकड़ा के नेतृत्व में सेंट्रल पार्क पर स्वागत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान हर नेता पर नजर रहेगी और नेता के साथ कितने लोग हैं, इसकी बारीकी से रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### कार्यक्रम से माहौल बनाने में जुटी भाजपा

चुनावी माहौल बनाने में भाजपा मास्टर है। 23 जून को रोहतक में जो कार्यक्रम होना है, उसके जरिए भाजपा चुनावी माहौल बनाने की तैयारी में है। 23 जून को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सह चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब का पहले बहादुरगढ़ और बादली के कार्यकर्ता पूर्व विधायक नरेश कौशिक और दिनेश घिलौड़ के नेतृत्व में श्रीराम मेट्रो स्टेशन के पास उनका स्वागत करेंगे। बेरी व झज्जर विधानसभा के कार्यकर्ता विक्रम कायदान और डॉ. राकेश कुमार के नेतृत्व में आईएमटी चौक पर स्वागत करेंगे।

### याद आए पुराने कार्यकर्ता

लोकसभा चुनाव में पांच सीट गंवाने के बाद भाजपा को अपने पुराने कार्यकर्ताओं की याद आने लगी है। 23 जून को रोहतक में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने हर पुराने से पुराने कार्यकर्ता को विधिवत निमंत्रण भेजा है। बहुत से कार्यकर्ता अनदेखी का आरोप लगा रहे थे, इसलिए अब भाजपा ऐसे सभी कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने की कोशिश में है। जिस स्तर पर कार्यकर्ता नाराज हुए थे, उसका डैमेज कंट्रोल शुरू कर दिया गया है।

### इस बार भी कई सीट पर होंगे नए प्रयोग, नए चेहरे आएंगे

भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान नए प्रयोग करने के लिए भी जानी जाती है। मसलन पार्टी के बिल्कुल पुराने कार्यकर्ता को अचानक उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार सकती है, किसी अध्यापक या किसी ऐसी हस्ती को टिकट देना जिसकी छवि समाज और क्षेत्र में साफ और स्वच्छ हो। विधानसभा की 90 सीटों में से कई पर इस बार यह प्रयोग किय जाएगा। संघ, संगठन और पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता इसके लिए माइक्रो मैनेजमेंट अपना रहे हैं और ऐसे लोगों की लिस्ट भी तैयार की जा रही है।

# अब पशुओं में भी होगा कृत्रिम इम्प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

- लुवास हिसार और ऑर्थोर्टेक गुजरात में समझौता

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के सर्जरी एवं रेडियोलॉजी विभाग ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। इसके लिए लुवास ने ओथोर्पेडिक इंप्लांट की निर्माता कंपनी ओर्थोटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वलसाड़ गुजरात के साथ समझौता किया है। कुलपति सचिवालय में कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा की उपस्थिति में शुक्रवार को लुवास के मानव संसाधन निदेशालय के निदेशक डॉ. राजेश खुराना एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल ने ऑथोर्टेक के निदेशक सुशांत बनर्जी एवं सुनीता बनर्जी के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आरएन चौधरी ने बताया कि इससे कुत्तों में हिप डिस्प्लेसिया एवं फ्रैक्चर को ठीक करने में काफी सहायता मिलेगी। इसके साथ हड्डी के कैंसर से ग्रसित पशुओं में विकृत हड्डी जोड़ काटने के बाद पशु पूरी तरह से चलने फिरने में समर्थ होगा। पालतू पशुओं के लिए विशेष रूप से बने इंप्लांट उपलब्ध नही होने से अभी इनका इलाज में काफी समस्या आती है। लुवास के डॉ. रामनिवास के प्रयास स्वरूप, लुवास ओथोर्टेक के पशुओं के लायक इम्प्लांट की डिजाइन देगा, जो कि सबसे पहले कूल्हे के जोड़ में प्रत्यारोपित किया जाएगा।

# चालान कटने से नाराज जेई ने थाने का पेयजल कनेक्शन काटा

- अधिकारियों के संज्ञान में आने पर दोबारा जोड़ा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

करीब तीन दिन पूर्व यातायात नियमों का पालन न करने पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत एक अधिकारी का चालान काट दिया था। इससे नाराज संबंधित अधिकारी ने यातायात थाने का पेयजल कनेक्शन ही काट दिया। स्थिति यह रही कि पब्लिक हेल्थ कर्मचारियों ने संबंधित थाना भवन में जा रही पेयजल सप्लाई के कनेक्शन को न केवल बाहर बनाए गए चैंबर से बंद कर दिया बल्कि थाना परिसर के अंदर पहुंच कर भी सप्लाई के लिए बिछाए गए मेन पाइप को अवरूद्ध कर दिया। इस कारण संबंधित थाना में तैनात पुलिसकर्मियों को करीब दो दिनों से बगैर पानी के रहना पड़ा। बाद में पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मियों ने पेमेंट पेंडिंग होने सहित अन्य कारण भी गिनवाए, लेकिन इसे चालान काटने से जोड़कर देखा जा रहा है। अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद कनेक्शन को दोबारा जोड़ा गया है।

### लीकेज बताकर काट गए कनेक्शन

ऐसा नहीं है कि पेयजल सप्लाई बंद करने पहुंचे कर्मचारियों को किसी ने देखा नहीं। उन कर्मचारियों ने अपने कार्य को तसल्लीबख्श अंजाम दिया। इस संबंध में जब एक पुलिसकर्मी ने पेयजल सप्लाई बंद करने के कार्य में लगे कर्मचारियों से पूछा कि किस वजह से यहां खुदाई की जा रही है तो कर्मचारियों ने लीकेज की समस्या दुरुस्त किए जाने की बात कही। जिसके बाद पुलिसकर्मी भी जवाब से संतुष्ट होकर अपने कार्य में व्यस्त हो गए। उन्हें आभास ही नहीं हुआ कि लीकेज ठीक करने पहुंचे कर्मचारी उनके थाने का कनेक्शन भी काट सकते हैं।


हरियाणा सरकार

कबीर मन निर्मल भया, जैसे गंगा नीर
पाछे पाछे हरि फिरै, कहत कबीर-कबीर



महान समाज सुधारक
सद्गुरु कबीर साहेब जी
की जयंती पर देशवासियों का
कोटि-कोटि नमन
22 जून, 2024



राज्य स्तरीय समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा
दिनांक - 22 जून, 2024 । समय - प्रातः 9 बजे
स्थान - अनाज मंडी, गोहाना, सोनीपत

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

"संत कबीर दास जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उन्होंने न केवल सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया, बल्कि दुनिया को मानवता और प्रेम का संदेश दिया। उनका दिखाया मार्ग हर पीढ़ी को भाईचारा और सद्भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहेगा।"
- नरेन्द्र मोदी

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# सुपर-8 : भारत चार जीत से उत्साहित, उलटफेर करने में माहिर बांग्लादेश देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें।




### बल्लेबाजों से बड़ी पारी की उम्मीद

विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में रखा गया था लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाए लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली। एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

### बांग्लादेश के बेटर्स फेल

बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाए रखने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। उसे टीम में पावर हिटर्स की कमी खल रही है। सलामी बल्लेबाज लिटन दास और तंजीद खान के खराब प्रदर्शन ने भी उसकी परेशानियां बढा दी हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाजों के सामने चुनौती जसप्रीत बुमराह का सामना करने की है जो अब तक बेहतरीन फॉर्म में हैं और उनका इकॉनॉमी रेट 3.46 रहा है।

## अमेरिका के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला आज

*ब्रिजटाउन। टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। इस हार के बाद रोवमैन पॉवेल की टीम अंकतालिका में सबसे नीचे खिसक गई है और उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।*



## टी20 विश्व कप : बांग्लादेश को डीएलएस के आधार पर 28 रन से हराया

# ऑस्ट्रेलिया की लगातार पांचवीं जीत टूर्नामेंट में कमिंस की पहली हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया की यह इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत है। आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिए थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिए 72 रन ही चाहिए थे। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया। दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।




डेविड वार्नर 53* रन

### पैट कमिंस के तीन विकेट

कमिंस ने आखिर में लगातार तीन विकेट लेकर रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने 18वें ओवर की अंतिम दो गेंदों पर लगातार दो विकेट लिए। पहले महमूदुल्लाह पूल शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए जबकि मेहदी हसन का कैच जम्पा ने लिया। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर कमिंस ने ह्रदय को आउट करके हैट्रिक पूरी की।

### दुनिया के 7वें गेंदबाज बने

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने इस मैच में हैट्रिक विकेट लिए। यह इस वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक रही। कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले दुनिया के 7वें गेंदबाज बने। वहीं कमिंस यह कारनामा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई हैं, उनसे पहले 2007 वर्ल्ड कप में ब्रेट ली ने यह कारनामा किया था। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 7 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| सेंट लूसिया

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की 65 रन की आक्रामक पारी के बाद केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में ग्रुप बी के मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड को सात रन से हराया। डिकॉक ने अपनी 38 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़े। उनके अलावा सिर्फ डेविड मिलर ही दक्षिण अफ्रीका के लिए तेजी से रन बना पाये। उन्होंने 28 गेंदों में 43 रन की परी में चार चौके और दो छक्के लगाये। दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को छह विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक्स (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने पांचवें विकेट के लिए 42 गेंद में 78 रन की साझेदारी की लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद



दक्षिण अफ्रीका ने वापसी कर मैच को जीत लिया। ब्रुक्स ने 37 गेंद की पारी में सात चौके लगाये तो वहीं लिविंगस्टोन ने 17 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के जड़े। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने चार ओवर में 25 और कागिसो रबाडा ने 32 रन देकर ने दो-दो विकेट लिये।

### अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

**लंदन।** विंबलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विंबलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6-7, 3-6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कॅरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विंबलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6-4, 4-6, 6-4 से मात दी। वहीं टॉमी पॉल ने अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराया।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना संख्या
6/W/C-II/CDG/ Pathankot-Joginder Nagar/Gauge Conversion/2024 दिनांक 19.06.2024
के बोली जमा करने की तिथि और समय तथा विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज में संशोधन निम्नलिखित है।

| | | |
|---|---|---|
| 5 | बोली जमा करने की तिथि और समय | सम्पूर्ण बोली दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट https://ireps.gov.in पर IST 21.06.2024 (11:30 बजे) से 12.07.2024 तक देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी वित्तीय बोली और तकनीकी बोली https://ireps.gov.in पर 28.06.2024 से 12.07.2024 (11:30 बजे) तक जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त हुई बोलियां दिनांक 12.07.2024 11:30 बजे उप मुख्य अभि/नि.-।।/चंडीगढ़ कार्यालय में खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | ई-निविदा का विस्तृत विवरण उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 28.06.2024 से 12.07.2024 (IST 11:30 बजे) तक अपलोड किया जा सकता है उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

Notice No. 6/W/C-II/CDG/Pathankot-Joginder Nagar/Gauge Conversion/2024 dated 21.06.2024
1882/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे।

भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

इन खेलों में योग, खो-खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वाश शामिल हैं। अभी खेलों के मेजबानी अधिकार को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और ऐसे में मेजबान देश की प्राथमिकताओं पर बाद में चर्चा की जाएगी। आईओसी अध्यक्ष के अगले साल होने वाले चुनाव के बाद ही इस पर फैसला किये जाने की संभावना है।

### पदक जीतने का दबाव ही है प्रेरणा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कहा कि उन पर अपेक्षाओं का दबाव है लेकिन वे इसे झेलने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। पेरिस ओलंपिक खेल शुरू होने में अब कुछ दिन ही बचे हैं और भारतीय बैडमिंटन की स्टार जोड़ी ने स्वीकार किया कि उनसे काफी उम्मीदें की जा रही हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ जिओ सिनेमा के एक कार्यक्रम में बात करते हुए सात्विक ने कहा कि वे देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



कोपा अमेरिका

## अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| अटलांटा

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका फुटबॉल में अपने अभियान का आगाज कनाडा को 2-0 से हराकर किया और दोनों गोल में लियोनेल मेसी ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। मेसी ने 49वें मिनट में जूलियन अल्वारेज को गेंद सौंपी जिन्होंने पहला गोल किया। इसके बाद 88वें मिनट में लौटारो मार्तिनेज के गोल में सहायक की भूमिका निभाई। अर्जेंटीना 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद लगातार तीसरा बड़ा खिताब जीतने की कोशिश में है। अमेरिका में दूसरी बार दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल की यह सबसे बड़ी चैंपियनशिप हो रही है। मेसी का यह 35वां मैच था और उन्होंने चिली के सर्जियो लिविंगस्टोन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1941 से 1953 के बीच 34 कोपा अमेरिका मैच खेले थे। अब अर्जेंटीना का सामना मंगलवार को चिली से न्यूजर्सी में होगा। इसके बाद 29 जून को मियामी गार्डंस में उसे पेरू से खेलना है। वहीं कनाडा की टीम कंसास सिटी में मंगलवार को पेरू से और 29 जून को ओरलैंडो में चिली से खेलेगी। अमेरिका के 14 स्टेडियम में यह टूर्नामेंट खेला जा रहा है जिसमें दक्षिण अमेरिका की दस टीमें भाग ले रही हैं।

### यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में पहुंचा स्पेन

**गेलसेनकिरचेन।** तीन बार की यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने मौजूदा चैंपियन इटली को 1-0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है। वहीं पिछली यूरो चैंपियनशिप में उसे इटली ने सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हराया था। ग्रुप सी के मैच में इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1-1 से ड्रॉ खेला। वहीं सर्बिया और स्लोवेनिया का मैच भी 1-1 से ड्रॉ रहा।

हरियाणा सरकार
समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना
के तहत वृद्धाश्रम संचालन हेतु
इच्छुक और गैर-सरकारी संगठनों, स्वैच्छिक संगठनों, ट्रस्ट, सोसाइटियों, कॉर्पोरेट से
रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित
वृद्ध आश्रम हरियाणा सरकार के स्वामित्व वाले निम्नलिखित भवनों में होंगे संचालित
परिभाषित मानदंडों के अनुरूप
- जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, सेक्टर-4, एच.एस.वी.पी., गुरुग्राम।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 14, एच.एस.वी.पी., मुख्य बस स्टैंड के पीछे, हिसार।
- वरिष्ठ नागरिक क्लब, सेक्टर 20, एच.एस.वी.पी., नज़दीक पुलिस स्टेशन, सिरसा।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 7, एच.एस.वी.पी., नज़दीक पुलिस स्टेशन, सोनीपत।
- डे केयर सेंटर, सेक्टर 17, एच.एस.वी.पी., नज़दीक स्वामी विवेकानंद स्कूल, जगाधरी, यमुनानगर।

आवेदन करने हेतु एवं अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट
www.socialjusticehry.gov.in
पर जाएं अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें
आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून, 2024
वृद्धजनों की देखभाल तत्पर है हरियाणा सरकार
सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंतन

# कश्मीर से योग कर पीएम का विश्व को शांति के संदेश

आज पूरी दुनिया योगमय हुई। विश्व ने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इन दस वर्षों में दुनिया में योग की स्वीकार्यता बढ़ी, लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ी, योग के अनेक रूपों का विस्तार भी हुआ। जो योग पहले भारत तक सीमित था, उसमें भी कुछेक संपन्न लोगों तक था, आज यह वैश्विक है, आम लोगों के बीच भी लोकप्रिय है। भारत की पहल पर ही संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। कोरोना महामारी के बाद लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी, इसके बाद लोगों के खानपान की आदतें बदलीं, लोग योग व व्यायाम के प्रति आकर्षित हुए। आज योग के जरिये विश्व में करोड़ों लोग रोजगार भी पा रहे हैं और लाभान्वित भी हो रहे हैं। बड़ी बात है कि इस्लामिक देशों ने भी योग को खुले दिल से अपनाया है। भारत में देश भर में हजारों कार्यक्रम योग के हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में योग दिवस मनाकर कर आतंकवादियों और आतंकपरस्तों को खुला संदेश दिया है। अभी कुछ दिन पहले ही कश्मीर में एक के बाद एक चार आतंकी हमले हुए हैं। जिस दिन मोदी सरकार ने शपथ ली, उसी दिन आतंकवादियों ने कश्मीर में तीर्थयात्रियों से से भरे बस पर हमला किया। कश्मीर में कई आतंकी हमले के बाद से सरकार सख्त है और सुरक्षा कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं, ऑपरेशन क्लीन पहले से जारी है। प्रधानमंत्री ने कश्मीर में योग दिवस मनाकर सबको शांति का संदेश दिया, आतंक के डर पैदा करने के मंसूबे पर पानी फेरा। भारत आतंकवाद के खिलाफ चार दशक से जंग लड़ रहा है। अब आतंकवाद आखिरी सांसें गिन रहा है। योग दिवस पर प्रधानमंत्री दुनिया को संदेश भी दिया कि योग वैश्विक भलाई का एक शक्तिशाली माध्यम है। योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। अल्लाह, ईश्वर या गॉड को प्राप्त करने का, उससे साक्षात्कार करने का ये कार्यक्रम है, यह योग का एक ध्येय है। योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है, और जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। तुर्कमेनिस्तान, सऊदी अरब, मंगोलिया और जर्मनी में योग की प्राचीन विधाएं वहां तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और वहां लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। फ्रांस की 101 वर्षीय महिला शारलोट चोपिन अपने देश में योग को लोकप्रिय बना रही है। भारत सरकार ने उनको योग में उनकी सेवाओं के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया। योग के वैश्विक स्तर पर प्रसार से इसके बारे में धारणा में बदलाव आया है, क्योंकि इसके बारे में प्रामाणिक जानकारी हासिल करने के लिए बड़ी संख्या में लोग भारत की यात्रा कर रहे हैं। योग मानव जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' है। योग में जोड़ने की शक्ति है, खुद से, समाज से और ब्रह्मांड से। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।

# पानी पर नहीं हो राजनीति



दिल्ली जल संकट

योगेश कुमार सोनी

दिल्ली सरकार जो किसी भी मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने में माहिर है,उसका कहना है कि हरियाणा सरकार हमें पानी नहीं दे रहा। बताया जा रहा है हिमाचल से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार नहीं दे रही, लेकिन इस बात को खारिज करते हुए हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी नहीं मिला। अभय ने कहा कि यदि हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से पानी मिलता है, तो वह तुरंत उसे दिल्ली की ओर भेज देगा। आश्चर्य यह है कि इस मामले को लेकर केन्द्र कोई भी प्रतिक्रिया न देकर किसी भी प्रकार के समाधान पर बात नहीं कर रहा है। दिल्ली जल संकट पर केंद्र की चुप्पी खल रही है।

देश की राजधानी इस समय बड़े संकट से गुजर रही है। दिल्ली में पानी की कमी होने के कारण दिल्लीवासी बहुत परेशान हैं। ज़रूरत के हिसाब से लगभग 25 से 30 फीसदी पानी की उपलब्धता कम हो गई है। इसका असर यह हुआ है कि दिल्ली के झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके के अलावा पॉश कॉलोनियों में भी लोगों को पानी के लिए बाल्टी लेकर व्यवस्था करनी पड़ रही है। दिल्ली के सबसे पॉश एरिया लुटियन जोन में भी कई इलाकों को इस समय पानी के टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली का जल संकट वर्षा शुरू होने के बाद ही सुधरेगा। फिलहाल तेज गर्मी से अभी कई दिनों तक राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है और इस जल संकट को लेकर हाल ही में हुई मीटिंग में पड़ोसी राज्यों से जल उपलब्धता पर कोई सहमति नहीं बनी। दिल्ली पानी की आपूर्ति के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश पर निर्भर है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को पानी की अगाध आपूर्ति होती रही है। इस बार पानी की उपलब्धता में कमी राजनीतिक वजह से अधिक प्रतीत हो रही है, हालांकि हरियाणा खुद भी जल संकट का सामना कर रहा है।

इस आधार पर स्पष्ट है हो जाता है कि यह जल संकट कई दिनों तक बने रहने की संभावना है। हम इन सारी बातों से पूरी स्थिति से अवगत हो गए और जल संकट से रोज लड़ने को तैयार हैं, लेकिन इस मामले में केन्द्र व राज्य सरकार अपनी कितनी गंभीरता दिखा रही है यह स्थिति देखकर लग रहा है। हर रोज बहुत आसानी से मीडिया में बयान देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाकर अपना-अपना बचाव कर रहे हैं। आम लोगों की मजबूरी कोई नही समझ रहा। पानी सर्वाधिक दैनिक जरूरत है, इसके बिना जिंदगी की कल्पना करना मुश्किल है। दिल्ली सरकार जो किसी भी मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने में माहिर है,उसका कहना है कि हरियाणा सरकार हमें पानी नहीं दे रहा। बताया जा रहा है हिमाचल से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार नहीं दे रही, लेकिन वहीं इस बात को खारिज करते हुए हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी नहीं मिला। अभय ने कहा कि यदि हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से पानी मिलता है, तो वह तुरंत उसे दिल्ली की ओर भेज देगा। यह तो राज्यों की बीच की कहानी है लेकिन आश्चर्य यह है कि इस मामले को लेकर केन्द्र सरकार कोई भी प्रतिक्रिया न देकर किसी भी प्रकार के समाधान पर बात नहीं कर रही है। दिल्ली जलसंकट पर केंद्र की चुप्पी खल रही है, जैसा कि दिल्ली एक केन्द्रीय शासित राज्य है और इसलिए बहुत सारे मामलों में जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की बनती है तो,क्यों इसका समाधान नहीं निकाला जा रहा। जबकि जल शक्ति मंत्रालय केन्द्र के हाथ में हैं बावजूद इसके, आखिर दिल्ली की जनता को क्यों परेशान हो रही है। क्या अलग-अलग इंजन की सरकार होने की वजह से ऐसा किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को यह भी समझना चाहिए कि हाल ही में दिल्ली में हुए लोकसभा चुनाव में जनता सातों सीटें उन्हें जिताई है। ऐसे में जनता के प्रति इन सांसदों कीiii



जिम्मेदारी बनती है। जल संकट मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्यों व केन्द्र सरकार के बीच कोई भी बैठक नहीं हुई। अंतरराज्यीय मामला होने के चलते केंद्र सरकार को देखना चाहिए कि किसी राज्य में संकट आने के बाद पड़ोसी राज्यों से कैसे आपूर्ति करा सकती है। किसी भी घटना से लगातार ग्रसित होने से जनता बागी हो जाती है और फिर समाज में संदेश गलत जाता है। यह वैसे भी देश की राजधानी है जहां देश के प्रधानमंत्री के अलावा देश के सभी बड़े-छोटे मंत्री रहते हैं। जहां एक ओर हम डिजिटल युग में होने की हुंकार भरते हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसी दुर्लभ तस्वीर देखकर असहनीय पीड़ा का एहसास होता है। क्या आज पानी जैसी बुनियादी चीज के लिए तरसते अच्छे लगते हैं।

पानी को लेकर हरियाणा में एक व्यक्ति की मौत हो गई तो वहीं दिल्ली में लोग एक बाल्टी पानी के लिए एक-दूसरे को जान से मारने पर उतारू हो जाते हैं। कई जगहों पर लडाई हुई जिसमें एक शख्स का सिर तक फट गया। इस मामले में हर किसी को अपना किरदार ईमानदारी से निभाना होगा। जैसा कि दिल्ली में जल संकट की स्थिति हर वर्ष ऐसी ही रहती है तो दिल्ली सरकरा को पहले से तैयारी या पड़ोसी राज्यों से बातचीत करनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली के जल संकट का सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां पर पर्याप्त जल क्षेत्र नहीं है। कभी दिल्ली के कुल 1500 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में लगभग 18 वर्ग किलोमीटर इलाका जल क्षेत्र हुआ करता था। इसमें भी सबसे अधिक हिस्सा यमुना के बहाव क्षेत्र का हुआ करता था। एक जमाने में यह जल क्षेत्र लोगों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त हुआ करता था। लेकिन कई लोगों ने यमुना के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण कर घर बनाना शुरू कर दिया और यह अब थोड़े बहुत नहीं बहुत अधिक बन गए और हर रोज वहां कब्जा होता जा रहा है, जिसको लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी। इस दौरान दिल्ली की यमुना खादर मे रह रहे लोगों को बाहर आना पड़ा और जब यह बाहर आए तो प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए थे चूंकि उनको बिल्कुल भी अंदाजा नही था कि इतने लोग यमुना खादर में इतने लोग रहे थे। जब उन लोगों को बाहर निकाल कर सड़कों के किनारे शिफ्ट किया गया तो ऐसा लगा कि कोई कॉलोनी बस गई हो। अब समझिए कि यहां दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से शेष जल क्षेत्र भी अतिक्रमण का शिकार हुए जिससे जल क्षेत्र सिकुड़ गया। इसका यह असर हुआ है कि दिल्ली का भूगर्भीय जल स्तर भी बहुत कम हो गया है। जब पानी एकत्रित होने की जगह मनुष्य ले लेंगे तो सृष्टि का नष्ट होना व मानव जीवन पर प्रहार होना तय है। दरअसल यहां सारा खेल वोट बैंक का है। राज्य सरकार इनके आधार कार्ड व वोटर आईडी बना देती है और समय आने पर उनके मत का प्रयोग करती है। जबकि जो लोग यहां आकर बसे हैं उनका इतिहास किसी को स्पष्ट नहीं पता। कोई कहता है यह काम की खोज में बाहरी राज्यों से आ लोग हैं तो कोई इनके विषय में अन्य अलग-अलग कारण बताता है लेकिन कारण कोई भी हो यहां रह रहे लोगों ने अपनी पूरी कॉलोनी सी बना ली जो बेहद रिस्की भी है, चूंकि यदि अचानक यहां पानी आ जाए तो कई लोगों की जान जा सकती है चूंकि बाढ़ के समय पर यहां फंसे लोगों को निकाला था तो इस बात का एहसास हुआ था। बहरहाल,दिल्ली की हाल की स्थिति के लिए सभी को राजनीति छोड़कर जनता के लिए पानी की व्यवस्था करनी होगी चूंकि अब पानी कम होने की वजह से पानी सर के ऊपर जा रहा है। राजनीति करने के लिए तमाम मुद्दे हैं लेकिन पानी जैसे बुनियादी चीज के लिए जनता तरसे तो यह सभी राजनीतिक दलों के लिए बेहद बेशर्मी की बात है चूंकि जल मानव जीवन का पर्यायवाची है और इंसान इसके बिना जिंदा नहीं रह सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

कबीर जयंती

डॉ. अशोक कुमार भार्गव



# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की, वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई। संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफ़गान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और



गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी।

कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नहीं था। कबीर के निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी।

(लेखक मोटिवेशनल स्पीकर, स्वतंत्र लेखक एवं पूर्व आईएएस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित

दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़**

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*- पवन साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# बेटे की शादी के लिए बिचौलिये भंडारी को मिली छूट

लंदन। कर चोरी और धन शोधन के आरोपों में भारत प्रत्यर्पित किए जाने से संबंधित मुकदमे का सामना कर रहे रक्षा क्षेत्र के बिचौलिये संजय भंडारी की जमानत शर्तों में शुक्रवार को ढील दी गई, ताकि वह अपने बेटे की शादी में शामिल हो सके। यह शादी दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के एक होटल में होगी। भंडारी (62) ने इस वर्ष के प्रारंभ में लंदन के उच्च न्यायालय में अपने प्रत्यर्पण आदेश के विरुद्ध अपील करने की अनुमति प्राप्त की थी। उसने अपने वकीलों के माध्यम से शहर के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट न्यायालय में आवेदन कर कहा था कि उसे 7 से 11 जुलाई के बीच लंदन में एक होटल में रहने की अनुमति दी जाए। प्रत्यर्पण कार्यवाही में भारतीय प्राधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली 'क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस' (सीपीएस) के साथ हुए समझौते के तहत, प्रत्यर्पण अपील जारी रहने तक भंडारी की जमानत शर्तों में कुछ बदलाव किए गए हैं। न्यायाधीश ब्रियोनी क्लार्क ने का, "7 से 11 जुलाई के बीच जमानत में ढील दी जाएगी।"नवंबर 2022 में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के बाद पिछले साल ब्रिटेन की तत्कालीन विदेश मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने भारत में कानूनी कार्यवाही का सामना करने के लिए भंडारी के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था।



## ऑफ बीट

# कंगारू के दांत हमेशा बढ़ते हैं उनकी उम्र-लिंग का रिकॉर्ड रखते

मेलबर्न। (द कन्वरसेशन) आप किसी जंगली जानवर की उम्र का पता कैसे लगाते हैं? कुछ ऑस्ट्रेलियाई मार्सुपियल्स के लिए, हमने पता लगाया है कि आप उनके दांतों से उनकी उम्र बता सकते हैं। विलियम पार्कर और एलिस्टेयर इवांस, मोनाश विश्वविद्यालय में शोध किया गया है। यहां के शोधकर्ताओं ने कहा, आर्काइव्स ऑफ ओरल बायोलॉजी में प्रकाशित एक नए पेपर में, हम दिखाते हैं कि कंगारुओं के सामने के दांत कई अलग-अलग तरीकों से उनकी उम्र दर्ज करते हैं - और वे हमें यह भी बता सकते हैं कि कंगारू नर है या मादा। किसी जंगली जानवर की उम्र का पता लगाना पशु चिकित्सकों, पारिस्थितिकीविदों और संरक्षणवादियों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। वन्यजीव कल्याण और आबादी के समग्र स्वास्थ्य का आकलन दोनों ही जानवरों की उम्र जानने पर निर्भर करते हैं। चूंकि कोई भी जन्मदिन नहीं गिनता, इसलिए वैज्ञानिक अक्सर जंगली जानवरों के दांतों की मदद से यह पता लगाते हैं कि उनकी उम्र कितनी है। ऑस्ट्रेलिया के अधिकांश मार्सुपियल्स डिप्रोटोडोंटिया नामक समूह के सदस्य हैं। यह नाम उन जानवरों को संदर्भित करता है जिनके निचले जबड़े में बड़े, सीधे कुतरने वाले दांत होते हैं। कंगारू, वालबीज़, कोआला, वॉम्बैट और पोसम सभी डिप्रोटोडोंटियन मार्सुपियल्स हैं।



## ट्रेंड

### प्रभावित किया



श्रीनगर में मुझे जम्मू-कश्मीर के प्रतिभाशाली युवाओं से मिलने का अवसर मिला, जो स्टार्टअप में अग्रणी काम कर रहे हैं। उनसे बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। उनमें राष्ट्र और समाज के उत्थान की भावना ने मुझे बहुत प्रभावित किया। युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### योग एक विज्ञान



योग एक विज्ञान है, और यदि आप चाहें तो एक कला रूप है जिसके साथ आप अपनी व्यक्तिगत प्रकृति को उसकी अंतिम संभावना तक प्रकट कर सकते हैं और एक सचेतन ग्रह का निर्माण भी कर सकते हैं। योग में बहुत शक्ति है।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### एकदम सही वक्त



दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब ब्रिज को पार करने वाली पहली ट्रेन। चूंकि यह योग दिवस है, यह यह दर्शाने के लिए एकदम सही वक्त है कि हमारा बुनियादी ढांचा जितना संभव हो सके आसमान की ओर बढ़ रहा है।

**-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

### अपराधियों के हौसले बुलंद



आपके योगा मैट की शक्ति आपकी सोच से कहीं अधिक है। इसे एक दिन, एक समय लो। यह केवल अभ्यास से ही बेहतर होता जाता है। झुकते रहें ताकि आप टूटें नहीं। फलदार पेड़ हमेशा झुके होते हैं।

**-निकिता दत्ता, अभिनेत्री**

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

## दो सिख चरमपंथियों को अदालत से झटका



**ओटावा।** कनाडा की एक अदालत ने दो सिख चरमपंथियों द्वारा देश की नो-फ्लाई सूची से खुद को हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। 2018 में दोनों को इस लिस्ट में शामिल किया गया था। उसका कहना है कि इस बात का उचित आधार है कि वे आतंकवाद के अपराध को अंजाम देने के लिए परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा को खतरा पैदा कर सकते हैं। भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई चाहते थे कि सिक्योर एयर ट्रैवल एक्ट के तहत उन्हें नो-फ्लाइंग लिस्ट से हटा दिया जाए और उन्हें हवाई यात्रा करने की अनुमति मिले।

## पाक : गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति को जिंदा जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति को कुरान के अपमान करने के आरोप में जिंदा जला दिया। जानकारी के अनुसार घटना खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले के मदयान इलाके की है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, इस हिंसा में 8 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए व्यक्ति का नाम मोहम्मद इस्माइल था, जो मदयान घूमने आया था। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### भारत पहुंची बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना

# 15 दिन के अंदर दूसरी यात्रा, तीस्ता जल बंटवारे सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर होगी चर्चा

*बांग्लादेश भारत की 'नेबर फर्स्ट' नीति के तहत एक महत्वपूर्ण साझेदार है। शेख हसीना की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और घनिष्ट करना है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना दो दिन के दौरे पर आज शुक्रवार को भारत आएंगी। देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद, किसी राष्ट्राध्यक्ष का ये पहला भारत दौरा है। अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शेख हसीना, पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात करेंगी। शेख हसीना पीएम मोदी के आमंत्रण पर 15 दिनों के भीतर दूसरी बार भारत आई हैं। इससे पहले वह उन कुछ नेताओं में थीं जिन्हें नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण में आमंत्रित किया गया था। बांग्लादेश भारत की 'नेबर फर्स्ट' नीति के तहत एक महत्वपूर्ण साझेदार है। शेख हसीना की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और घनिष्ट करना है। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी और शेख हसीना की बातचीत के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के कई समझौतों पर मुहर लगने की उम्मीद है।



*भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा किया गया।*

### कई सालों से अटका है तीस्ता जल बंटवारा

*भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कई सालों से विवाद है। 414 किमी लंबी तीस्ता नदी हिमालय से निकलती है और सिक्किम के रास्ते भारत में प्रवेश करती है। इसके बाद ये पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश पहुंचती हैं जहां पर वह असम से आई ब्रम्हपुत्र नदी में मिल जाती है। बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र नदी को जमुना कहा जाता है। इस लंबी यात्रा के दौरान तीस्ता नदी की 83% यात्रा भारत में और 17% यात्रा बांग्लादेश में होती है।*

#### बांग्लादेश को भारत के साथ समझौता करना होगा

बांग्लादेश के लिए भारत की सहमति के बिना तीस्ता मास्टर प्लान पर काम करना इतना आसान नहीं होगा। दरअसल इसके लिए बांग्लादेश को भारत के साथ तीस्ता नदी जल बंटवारा समझौता करना होगा। साल 2011 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब भारत, तीस्ता नदी जल समझौता पर दस्तखत करने को तैयार हो गया था।

#### गंगा जल बंटवारा संधि अगले साल खत्म होगी

*रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों नेता गंगा जल बंटवारा संधि के रिन्यूअल पर भी बातचीत कर सकते हैं। भारत ने 1975 में गंगा नदी पर फरक्का बांध का निर्माण किया था, जिस पर बांग्लादेश ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद दोनों देशों ने 1996 में गंगा जल बंटवारा संधि की थी। यह संधि सिर्फ 30 सालों के लिए थी।*

#### भारत नहीं चाहता तीस्ता मास्टर प्लान चीन को मिले

*भारत नहीं चाहता कि तीस्ता मास्टर प्लान प्रोजेक्ट चीन को मिले। इसकी वजह रणनीतिक और सुरक्षा से जुड़ी वजहें हैं। दरअसल चीन को मिले अधिकांश प्रोजेक्ट वहां की सरकारी कंपनियों को मिलते हैं। ऐसे में भारत को डर है कि वो जल प्रवाह से जुड़ा डेटा और नदी से जुड़ी कई जानकारी चीनी सरकार को दे सकते हैं।*

#### बांग्लादेश 50 फीसदी पानी का अधिकार चाहता है

*इस दौरान सिक्किम, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तीनों क्षेत्रों में रहने वाले करीब 1 करोड़ लोगों की पानी से जुड़ी जरुरतें ये नदी पूरा करती है। बांग्लादेश तीस्ता का 50 फीसदी पानी पर अधिकार चाहता है। जबकि भारत खुद नदी के 55 फीसदी पानी का इस्तेमाल करना चाहता है। गर तीस्ता नदी जल समझौता होता है तो पश्चिम बंगाल नदी के पानी का मनमुताबिक इस्तेमाल नहीं कर पाएगा।*

#### 9 साल बीतने के बाद भी अब तक समाधान नहीं

*ममता बेनर्जी की नाराजगी की वजह से मनमोहन सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी पीएम बने। एक साल बाद वो बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के साथ बांग्लादेश गए। इस दौरान दोनों नेताओं ने बांग्लादेश को तीस्ता के बंटवारे पर एक सहमति का यकीन दिलाया था। लेकिन 9 साल बीतने के बावजूद अब तक तीस्ता नदी जल समझौते का समाधान नहीं निकल पाया है।*

### इटली में भारतीय मजदूर की मौत

## पुलिस ने मानी लापरवाही गंभीरता से शुरू की जांच

एजेंसी ▶▶ रोम



रोम के दक्षिण में स्थित गांव एग्रो पोंटिनो में तरबूज के खेत में काम करते समय सतनाम सिंह का एक हाथ कट गया था।


घायल होने के दो दिन बाद सिंह की बुधवार को अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घायल होने के बाद सिंह को उनके घर के बाहर छोड़ दिया गया था। उनके कटे हुए हाथ को फलों के टोकरे में रखा गया था। खेत के मालिक रेन्जो लोवाटो ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।

जिस मशीन से सिंह घायल हुए थे उन्हें उसके करीब न जाने की चेतावनी दी गई थी। लोवाटो ने बताया कि सिंह ने उनकी बात नहीं मानी। दुर्भाग्य से यह एक बड़ी लापरवाही थी। काराबेनियरी पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि लोवाटो के बेटे पर सिंह को उनके घर के बाहर गंभीर हालत में छोड़ने, हत्या और संकट के समय किसी व्यक्ति की सहायता न करने के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

### मक्का में 51.8 डिग्री तक पहुंचा तापमान

## इस साल हज यात्रा के दौरान 98 भारतीयों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हज यात्रा के दौरान इस साल कई लोगों की मौत हो चुकी है। बढ़ती गर्मी इसका एक बड़ा कारण है, इसके ऊपर कुछ दूसरे फैक्टर्स की वजह से भी मृतकों का आंकड़ा इस बार ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अब भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया है कि 98 भारतीयों की भी इस साल हज यात्रा के दौरान मौत हो गई है। इसमें कुछ मौतें दुर्घटना की वजह से हुई हैं, कुछ प्राकृतिक कारणों की वजह से तो कुछ लोग पहले से ही बीमार चल रहे थे। ऐसा दावा किया जा रहा है कि मक्का में पारा 51.8 डिग्री तक पहुंच गया है।

# दिल्ली में जल संकट गहराया : आतिशी अनिशिचतकालीन भूख हड़ताल पर

- राजघाट में श्रृद्धांजलि से शुरू किया अनशन
- आरोप- हरियाणा दिल्ली को पूरा पानी नहीं दे रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





हरियाणा से रोज 100 मिलियन गैलन पानी दिए जाने की अपनी मांग को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी आज यानी 21 जून से भूख हड़ताल कर रही हैं।

हड़ताल शुरू करने से पहले उन्होंने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता, आप सांसद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज भी मौजूद थे। आतिशी दक्षिण दिल्ली के भोगल में भूख हड़ताल कर रही हैं। उनका आरोप है कि हर कोशिश के बावजूद, हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी नहीं रिलीज रही है।

### 'नीट' ने पकड़ा तूल, तेजस्वी बोले

# मेरे पीएस को बुला ले, गलती की हो तो गिरफ्तार भी कर लें



एजेंसी ▶▶ पटना

नीट पेपर लीक को लेकर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का बड़ा बयान सामने आया है। इस मामले में उनके पर्सनल सेक्रेटरी का नाम सामने आने के बाद उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार बयानबाजी कर रही है। अगर उनके पीएस ने किसी भी तरह का कोई गलत काम किया है तो उसे गिरफ्तार कर लो। अगर उसकी कोई गलती है तो मुझे उस पर कार्रवाई से कोई दिक्कत नहीं है। इसकं पहले सिकंदर और कुच अन्य आरोपियों ने पेपर लीक करने का आरोप कबूल कर लिया है।

#### किंगपिन को बचा रही सरकार

तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम,पीएस सबको सीएम बुलाए और पूछताछ कर लें। ईओयू ने हमारे पीएम के संबंध में कुछ नहीं कहा है। ये तो सिर्फ विजय सिन्हा बोल रहे हैं लेकिन सीएम को मैं कहता हूं कि मेरे पीए को बुलाकर पूछताछ कर लें। तेजस्वी ने कहा कि सरकार किंगपिन को बचाना चाह रही है। इसलिए मामले को डाइवर्ट कर रहे हैं। तस्वीर सामने आई है सम्राट चौधरी के साथ आरोपी की। उस पर क्या बोलेंगे, बुला ले मेरे सहायक को और अगर गलती की है तो गिरफ्तार कर लें। हमको कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन मेरा नाम घसीटने से कुछ नहीं होगा।

## तमिलनाडु में अवैध देशी शराब ने ली 47 लोगों की जान

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ कर 47 हो गई है, जबकि अन्य 30 लोगों की हालत गंभीर है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी प्रशांत एम. एस. ने कहा कि इस घटना में बृहस्पतिवार तक मारे गए 29 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने शवों का दफना दिया है या तो अंतिम संस्कार कर दिया है। उन्होंने कहा, ''अवैध देशी शराब पीने से कुल 165 लोग बीमार हुए थे और उन्हें कल्लाकुरिची, जेआईपीएमईआर, सलेम और मुंडियाम्बक्कम सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से अब तक 47 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इलाज करा रहे 118 लोगों में से 30 की हालत गंभीर है।''

*कांग्रेस ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप*

# मुंबई के अटल ब्रिज में आई दरारें! नाना पटोले ने लिया इसका जायजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



18 हजार करोड़ रुपये से तैयार हुआ ये ब्रिज

महाराष्ट्र में मुंबई के अटल ब्रिज को लेकर राजनीति गरमा गई है। अटल ब्रिज को जोड़ने वाली सड़कों पर दरारें आने पर महाराष्ट्र कांग्रेस ने इस मुद्दा बनाते हुए बिहार में पुल गिरने की घटना से जोड़ते हुए निशाना साधा है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को अटल ब्रिज का दौरा किया। पटोले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लियाा कि यह बेहद चिंताजनक है कि जिस अटल सेतु पुल का उद्घाटन सिर्फ तीन महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था, उसमें दरार आ गई है। बड़ी संख्या में दरारें आने से यात्रियों में दहशत का माहौल है। बिहार में नवनिर्मित पुल के गिरने की घटना तो ताज़ा है, लेकिन मुंबई में भी यह दिल दहला देने वाली घटना सामने आने से सरकार के कामकाज पर कई सवाल उठ रहे हैं। पटोले ने कहा कि हाईकोर्ट इस मामले में संज्ञान लें और जांच कराए। एमएमआरटीए ने बताया अफवाहः महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ नाना पटोले के आरोपों के पर एमएमआरडीए ने प्रतिक्रिया दी है। एमएमआरडीए ने कहा है कि मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) पुल पर दरारों के बारे में अफ़वाहें फैल रही हैं। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि ये दरारें पुल पर नहीं बल्कि एमटीएचएल को उल्वे से मुंबई की ओर जोड़ने वाली एप्रोच रोड पर हैं। बयान में कहा गया है कि 20 जून, 2024 को ऑपरेशन और रखरखाव टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान रैंप 5 (मुंबई की ओर रैंप) पर तीन स्थानों पर किनारों के पास सड़क की सतह पर छोटी दरारें पाई गईं। ये दरारें छोटी हैं और सड़क के किनारे स्थित हैं। जो 24 घंटे के भीतर पूरा हो जाएगा। यह काम यातायात में कोई व्यवधान पैदा किए बिना किया जा रहा है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नाहरा, ब्लॉक राई में पार्क का निर्माण। | 21.06.2024 27.06.2024 | 20.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज रोहतक | फिरनी - गांव भालोठ में पूर्व की तरफ बकाया फिरनी आईपीबी का निर्माण + 19 कार्य। | 19.06.2024 25.06.2024 | 257.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | आईपीबी गली का निर्माण, 1. रामानंद पुत्र देईराम के मकान से अट्टका चौपाल तक, 2. राजू पुत्र जस्सी राजपूत के मकान से पप्पू खाती के मकान तक, 3. गांव मोई हुड्डा ब्लॉक गोहाना में शिवचरण पांचाल के मकान से भीम पुत्र हरनारायण तक। | 19.06.2024 28.06.2024 | 6.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा टोहाना | पीपीपी मोड पर बागवानी और जल निकाय कार्यों इत्यादि समेत कल्पना चावला पार्क के सौन्दर्यकरण और लैंडस्केपिंग कार्य हेतु संघटकों के प्रचालन व रखरखाव के लिए एजेंसी के चयन हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295611629 hid.eewstohana@yahoo.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव राजपुर, भिगान कुराड़ इब्राहिमपुर, बारौली, जैनपुर ब्लॉक मुरथल में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | बंद होने की तिथि 25.06.2024 | 79.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | आईईसी मैटीरियल्स और अन्य प्रिंटिंग मैटीरियल्स इत्यादि की प्रिंटिंग। | 21.06.2024 30.06.2024 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215705859 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 7 | वन विभाग हरियाणा यमुनानगर | 1 एचए पर नर्सरी मियावाकी प्लांटेशन की रेजिंग और न्यू प्लांटेशन। | 20.06.2024 26.06.2024 | 20.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237821 dfo_tyunr@rediffmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | गांव अरदाना में माता जोहड़ी बाहर तालाब को भरने के लिए कौल माइनर के आरडी 1000/एल से भूमिगत आरसीसी पाइप लाइन बिछाना + 3 कार्य। | 19.06.2024 24.06.2024 | 17.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842255291 knldivn335@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद फतेहाबाद | जांडली खुर्द से भुथान कलां तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी एच 1015) + 3 कार्य। | 20.06.2024 10.07.2024 | 375.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव धमान ब्लॉक मोरनी में धर्मशाला के निकट आर/वॉल हेतु निर्माण, गांव चपलाना जी.पी. टिपरा ब्लॉक मोरनी पीआर में आर/वॉल और गली हेतु मरम्मत। | 20.06.2024 26.06.2024 | 3.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रामपुरा ढिल्लों :- 400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल बिछाना, एक अदद स्टोरेज और सैडीमेंटेशन टैंक औसत आकार :- 95.00'×173.00'×12.00', एक अदद आरसीसी हाई लेवल टैंक आकार 12'×18', 1 अदद आरसीसी फिल्टर बैड आकार 12'×18' का निर्माण, हैड वर्क्स पाइप लाइन बिछाना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, सी.सी. रोड और पथ तथा रामपुरा ढिल्लों में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | 20.06.2024 04.07.2024 | 103.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 12 | पंचायती राज झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव बादल, ब्लॉक झोझू कलां, जिला चरखी दादरी में आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत + 11 कार्य। | 19.06.2024 27.06.2024 | 33.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव मंगलेश्वर, ब्लॉक बावल, रेवाड़ी में व्यायामशाला का निर्माण (एचजीवीवाई) + 11 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 634.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज फतेहाबाद | सलाम खेड़ा - गांव सलाम खेड़ा, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में जी/घाट में शवदाह शैड का निर्माण। (एचजीवीवाई) + 5 कार्य। | 20.06.2024 28.06.2024 | 399.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिला (ग्रुप-1) में हैड 5054 के तहत जीन्द निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद सड़कों की विशेष मरम्मत, 1. पटियाला चौक से नरवाना रोड बाई-पास वाया क्राइस्ट राजा पब्लिक स्कूल (रोड आईडी 11849), 2. पटियाला चौक से हरि कृष्ण मंदिर रोड (रोड आईडी 10085), 3. इक्कस से जलालपुरा रोड (रोड आईडी 6623), 4. संगतपुरा अप्रोच रोड (रोड आईडी 6619)। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 435.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिला (ग्रुप-2) में हैड 5054 के तहत जीन्द निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद सड़कों को चौड़ा करना, मजबूतीकरण और विशेष मरम्मत, 1. दालमवाला से खुंगा समेत बरसाना अप्रोच रोड (रोड आईडी 6645), 2. अमरहेड़ी मंदिर अप्रोच रोड (रोड आईडी 6649), 3. जीन्द हांसी रोड से राजपुरा - इंताल खुर्द से जजवान रोड (रोड आईडी 6624), 4. जीन्द-सफीदों से पिंडारा रोड (रोड आईडी 6606)। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 360.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 17 | बीपीएसजीएमसी फॉर वीमेन खानपुर कलां, सोनीपत | मेडिकल गैस पाइप लाइन सिस्टम का सीएमसी और सहायक कार्य। | 22.06.2024 08.07.2024 | 40000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा, कबीर चौपाल, ब्लॉक टोहाना में टाइल फ्लोरिंग और आयरन शैड का निर्माण, एमपीएलएडी + 7 कार्य। | 19.06.2024 26.06.2024 | 32.4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज फतेहाबाद | सहीदांवाली - गांव सहीदांवाली ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण एचजीवीवाई + 3 कार्य। | 14.06.2024 25.06.2024 | 295.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव इमलोटा, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में एससी चौपाल का निर्माण (जैडपी) + 6 कार्य। | 19.06.2024 26.06.2024 | 44.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव संतोर, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में व्यायामशाला में वॉकिंग ट्रैक की पेवमेंट + 9 कार्य। | 18.06.2024 25.06.2024 | 92.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 22 | पंचायती राज कलानौर, रोहतक | ***पंचायत समिति के तहत गांव खरैंटी में संदीप पुत्र चन्द्रभान से सतबीर पुत्र प्रकाश तक फील्ड नाली का निर्माण। | 19.06.2024 04.07.2024 | 10.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 23 | पंचायती राज बरवाला, पंचकूला | बरवाला - गूगा मडी, खैरवाली के निकट पानी की टंकी का निर्माण, परवाला - एस/घाट के निकट ओपन ग्राउंड में पानी की टंकी का निर्माण और श्यामतू :- ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में रणबीर के मकान से हेमराज के मकान तक नाला का निर्माण। | 18.06.2024 25.06.2024 | 4.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in |
| 24 | पंचायती राज एफ.पी. झिरका नूह | गांव बघोला, ब्लॉक फिरोजपुर झिरका डिवीजन नूह में मुबारिक पुत्र इस्लाम के मकान से अजीम पुत्र एएएस मोहम्मद तक रास्ता का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 20.06.2024 27.06.2024 | 4.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991314714 sdoprjhirka@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज पिनांगवान नूह | गांव बाजिदपुर, ब्लॉक पिनांगवान, जिला नूह, हरियाणा में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण, (वीएएनजीवाई)। | 20.06.2024 27.06.2024 | 6.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज पिनांगवान नूह | ब्लॉक समिति पिनांगवान 20 अदद, गांव पिनांगवान में 4 अदद, बादेड 8 अदद, रिथाट 8 अदद, पानी की टंकी का निर्माण + 4 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 25.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 27 | पंचायती राज एफ.पी. झिरका नूह | गांव बसई मेव स्कीम (25511) ब्लॉक एफ.पी. झिरका 122104 में कब्रिस्तान की चारदिवारी + 2 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 14.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991314714 sdoprjhirka@gmail.com |
| 28 | पंचायती राज सोनीपत | गांव महीपौर, ब्लॉक सोनीपत में ड्रेन नं. 6 से पनघट कुई तक बीओई का निर्माण + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2024 | 104.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 29 | पंचायती राज सोनीपत | गांव छिछड़ाना, ब्लॉक कथूरा में बस स्टैंड से मिर्जापुर खेड़ी लोनिवि रोड तक आईपीबी फिरनी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 27.06.2024 | 60.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 30 | वन विभाग हरियाणा सिरसा | डीएफओ कार्यालय सिरसा की विशेष मरम्मत। | 27.06.2024 28.06.2024 | 3.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


पीआरडीएच-11/2025/600/27054/I/88/6 दि. 21.06.24








## 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश से लेकर विदेश तक दिखा उत्साह



# भारत समेत दुनियाभर में लोगों ने लगाए 'आसन'

ब्यूरो/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

**देशभर में आयोजित योग सत्रों में लोगों ने 'आसन' करके दिन को यादगार बनाया। समुद्र में पोत आईएनएस विक्रमादित्य और न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर, इजराइल के तेल अवीव और सिंगापुर समेत पूरे विश्वभर में लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को भारत समेत दुनियाभर में करोड़ों लोगों ने आसन लगाने के साथ प्राणायाम किये और देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से इस समारोह का नेतृत्व किया। देश में योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम श्रीनगर में डल झील के सुरम्य तट पर स्थित 'एसकेआईसीसी' में आयोजित किया गया था। देशभर में आयोजित योग सत्रों में लोगों ने 'आसन' करके इस दिन को यादगार बनाया। एक योग सत्र समुद्र में विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर आयोजित किया गया। दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में योग किया। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक आरोग्य का एक तरीका है। तमिलनाडु के रामेश्वरम में लोगों के एक समूह ने पानी में 'जल योग' किया, वहीं सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने सियाचिन के बर्फ से ढके पहाड़ों और राजस्थान के थार रेगिस्तान में रेत के टीलों पर 'आसन' किया। योग दिवस सभी राज्यों में धूमधाम से मनाया गया और मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राज्यपालों ने कार्यक्रमों में भाग लिया। शाह, एस जयशंकर और राजनाथ सिंह सहित केंद्रीय मंत्री भी विभिन्न शहरों या उनके मंत्रालयों द्वारा आयोजित सत्रों में शामिल हुए।



मथुरा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अन्य योग करते हुए।







### जवानों का बर्फ से ढके पहाड़ों पर योग

**नई दिल्ली।** सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने सियाचिन के बर्फ से ढके पहाड़ों और राजस्थान के थार रेगिस्तान में रेत के टीलों पर 'आसन' किया। हिंद महासागर और पश्चिमी प्रशांत महासागर में तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत मिशन ने समुद्र और विदेशी बंदरगाहों पर योग सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम के कुछ फोटो भी सोशल मीडिया मंच पर साझा किए



पैरा-तीरंदाज शीतल देवी



सीएम योगी करते योग

### ऋषिकेश में योगियों का योग: स्वामी चिदानंद सरस्वती योग करते हुए



### जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा में गुरेज घाटी में नियंत्रण रेखा के पास योग करते जवान



### बेंगलुरु में शुक्रवार को विधान सौधा में योग करतीं लड़कियां और अन्य लोग।



### बनासकांठा के नाडाबेट में भारत-पाक सीमा पर योग करते बीएसएफ जवान



### इजराइल के तेल अवीव, न्यूयॉर्क में 'टाइम्स स्क्वायर' पर विशेष योग सत्र और वाशिंगटन में भी सैकड़ों योग प्रेमियों का जमावड़ा

न्यूयॉर्क (भाषा) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर हजारों की संख्या में योग प्रेमी दिनभर चलने वाले योग सत्र के लिए यहां प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर इकट्ठा हुए। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर बृहस्पतिवार को टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। दिसंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया।






हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25